## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# डीएम ने 'गोद अभियान' कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**कार्यशाला**

## ब्रेस्ट कैंसर मूल्यांकन तथा हीमाग्लोविन की निःशुल्क जांच की गयी

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा सर्वे चौक स्थित कामकाजी महिला छात्रावास में ''महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता एवं परीक्षण कार्यशाला'' तथा कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के लिए आयोजित ''गोद अभियान'' के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कार्यशाला की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की कार्यशाला महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और उनके समुचित विकास के लिए बहुत लाभदायक होते हैं अतः उन्होंने इस तरह के अभियान समय–समय पर अन्य क्षेत्रों में करने के जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत बच्चों और महिलाओं को दी जाने पोषण व स्वाथ्य सुविधाओ और परामर्श को उचित तरीके से प्रदान करें जिससे बचपन हंसता खेलता रहे और महिलायें स्वस्थ व निरोग बनी रहे।




'गोद अभियान' कार्यक्रम के शुभारम्भ के मौके पर डीएम व अन्य।

इस दौरान जागरूकता एवं परीक्षण कार्यशाला में टैक्निशियनों द्वारा महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर मूल्यांकन तथा हीमाग्लोविन की निःशुल्क जांच की गयी। पोषण अभियान के अन्तर्गत गोद अभियान में गोद लिये गये बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए दवाईयां और जरूरी पोषक खाद्य पदार्थ वितरित किये गये।

कार्यशाला में कुछ समय बाद मेयर नगर निगम देहरादून सुनील उनियाल ''गामा'' द्वारा प्रतिभाग करते हुए गोद लिए गये बच्चों की वस्तुस्थिति जानी और प्राप्त जानकारी से संतुष्टी व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है कि हमारी सरकार बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य का ध्यान रख रही है। कहा कि जिन कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों को राज्य के मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों और शासन के अधिकारियों द्वारा गोद लिया गया है उनकी बेहतर निगरानी होने के चलते बच्चों के स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है और बच्चे अति कुपोषित और कुपोषित श्रेणी से अधिक संख्या में सामान्य स्तर पर आ रहे हैं। इस दौरान गाईनोकोलॉजिस्ट सीएमआई अस्पताल देहरादून डॉ सूमिता प्रभाकर ने कार्यशाला में महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की जांच के दोरान कहा कि पिछले 10–15 वर्षों से आदमी के बदले लाईफस्टाइल, फास्टफूड के चलन, पर्यावरण प्रदूषण, दूषित खाद्य व पेयजल, आरामदायक जीवनशैली , मोबाईल और तकनीकी के मध्य अधिक समय बिताने तथा महिलाओं द्वारा कम स्तनपान करने के चलन के चलते स्तन कैंसर के मामलों में वृद्धि देखी गयी है।

## न्यूज डायरी

### विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने सीएम त्रिवेंद्र से की भेंट

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से मुख्यमंत्री आवास में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चन्द अग्रवाल ने शिष्टाचार भेंट की।

### चकराता डिग्री कॉलेज में जीके व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**(संवाददाता)** विकासनगर। गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता के इतिहास विभागीय परिषद् के अंतर्गत सामान्य ज्ञान एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनमें बीए प्रथम वर्ष, तृतीय सेमेस्टर एवं षष्ठम सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कुल 40 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इतिहास विषय से संबंधित विभिन्न प्रश्नों को पूछा गया था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए षष्ठम सेमेस्टर की अनीशा तोमर ने, दूसरा स्थान संयुक्त रूप से बीए षष्ठम सेमेस्टर की दिव्या रावत व बीए प्रथम वर्ष की प्रतिमा तोमर ने तथा तृतीय स्थान बीए प्रथम वर्ष की अंशिता रावत ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए षष्ठम सेमेस्टर की स्मिता ने, द्वितीय स्थान बीए तृतीय सेमेस्टर की सैरीन ने तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से बीए प्रथम वर्ष की निकिता तथा बबीना ने प्राप्त किया।

### लघु व्यापारी मार्च माह से चलाएंगे पॉलीथिन के खिलाफ जनजागरण अभियान

**(संवाददाता)** हरिद्वार। रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों के सामूहिक संगठन लघु व्यापार एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक रेलवे रोड स्थित कार्यालय पर आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने की, संचालन लघु व्यापारी नेता जय सिंह बिष्ट ने किया।

### मैक्स हॉस्पिटल में लॉन्च किया आई–क्यू सुपर स्पेशियलिटी आई हॉस्पिटल

**(संवाददाता)** देहरादून। आई–क्यू सुपर स्पेशियलिटी आई हॉस्पिटल ने आज मैक्स हॉस्पिटल देहरादून में अपनी प्रीमियर आईकेयर फैसिलिटी लॉन्च की है। यह नया सेंटर आधुनिक टेक्नोलॉजी और एक्सपर्ट की टीम की मदद से विविध प्रकार की मेडिकल व सर्जिकल आईकेयर और ऑप्टिकल सर्विसेस मुहैया कराएगा। इस फैसिलिटी का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय खेल, शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री, उत्तराखंड श्री अरविंद पांडे और आईक्यू हॉस्पिटल के सीईओ और को–फाउंडर रजत गोयल, मैक्स हॉस्पिटल देहरादून के वाइस प्रसीडेंट–ऑपरेशन एंड यूनिट हेड डॉ संदीप सिंह तंवर द्वारा किया गया।



## सीएम त्रिवेंद्र ने विधानसभा में सुनीं जनसमस्याएं

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को विधानसभा कार्यालय में जनसमस्याओं को सुना व उनके उचित निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने जनता को आश्वस्त किया कि उनकी जो भी समस्यायें हैं उनका शतप्रतिशत निश्चित रूप से समाधान किया जायेगा। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनता की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनें और जनसमस्याओं का निस्तारण तेजी से करें।

## राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को अवस्थापना विकास के लिए 12815.75 लाख के 7 प्रस्तावों की मंजूरी

देहरादून। 38वें राष्ट्रीय खेलों के आगामी 2021 में आयोजन को देखते हुए अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार का कार्य गतिमान है। विगत दिन मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा 38वें राष्ट्रीय खेलों में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर की 34 प्रतियोगिताओं के लिए खेल अवस्थापना सुविधा जुटाने के लिए निर्देशों के क्रम में अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार का कार्य गतिमान है। जिसके क्रम में आज मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में सचिवालय में राज्य व्यय वित्त समिति की बैठक में 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से सम्बन्धित अवस्थापना विकास के लिए रू0 12815.75 लाख लागत के 7 प्रस्तावों की स्वीकृति दी गई, जिसमें रू0 1704.68 लाख की लागत के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर देहरादून में एथलैटिक्स पवेलियन भवन एवं ट्रैक के उच्चीकरण की परियोजना शामिल है।

## प्रेस क्लब की स्मारिका 'गंगा अमृत' का विमोचन

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को विधानसभा में प्रेस क्लब मुनिकीरेती, टिहरी गढ़वाल की स्मारिका 'गंगा अमृत' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि प्रेस क्लब मुनि की रेती द्वारा स्मारिका के माध्यम से पूरे वर्ष की स्मृतियों को समायोजित करने का सराहनीय प्रयास किया गया है। गंगा की स्वच्छता एवं निर्मलता के लिए प्रेस क्लब मुनि की रेती एवं सूर्य फाउण्डेशन द्वारा अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। स्मारिका में सामाजिक, राजनीतिक एवं उत्तराखण्ड के प्रमुख पौराणिक स्थलों एवं पर्यटन की दृष्टि से प्रमुख स्थानों के बारे में जानकारी दी गई है। इस अवसर पर सूर्य फाउण्डेशन द्वारा अयोध्या में राम मन्दिर के निर्माण हेतु मुख्यमंत्री को ग्यारह सौ रूपये का चेक सौंपा। मुनि की रेती, प्रेस क्लब के अध्यक्ष नागेन्द्र प्रसाद रतूड़ी ने प्रेस क्लब के लिए दो कक्षों की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर पालिका के माध्यम से प्रस्ताव बनाया जाए, इस पर विचार किया जायेगा।

## जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित, ऋण जमा अनुपात की धीमी प्रगति पर बैंकों को चेताया

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षण समिति जिला सलाहकार समिति (डीएलआरसी) की बैठक सुभाष रोड स्थित स्थानीय होटल में आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने जिला सहकारी बैंक तथा उत्तरांचल ग्रामीण बैंक द्वारा कृषि क्षेत्र में अनुपातिक उपलब्धि क्रमशः 59 प्रतिशत् और 58 प्रतिशत् रहने पर कारण पूछा तो सम्बन्धित बैंक अधिकारियों ने कहा कि अन्तिम क्वार्टर में प्रगति बढायेंगे। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि अन्तिम क्वार्टर में ही प्रगति बढाने का चलन है। प्रगति संतोषजनक नहीं रहेगी तो अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने



जिला सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, ओबीसी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, इण्डियन ओवरसीज बैंक, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्रा, यस बैंक, इण्डियन बैंक तथा बन्धक बैंक जिनका ऋण जमा अनुपात 30 प्रतिशत् से कम है उनसे कारण पूछते हुए चेतावनी दी कि यदि वे अपनी प्रगति शीघ्र नही बढ़ाते तो उनकी प्रगति को हैड ऑफ डिपार्टमेंट, राज्य सरकार तथा आरबीआई को प्रेषित करते हुए जवाबदेही तय की जायेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत् अधिकारियों से पूछा कि इस वर्ष इसके अन्तर्गत कितने खाते खोले गये और कितनों को इससे जोड़ा गया।

साथ ही कहा कि जनपद में क्या कोई ऐसा भी मामला है, जिसमें पंजीकृत व्यक्ति को क्लेम मिला हो यदि किसी को क्लेम मिला हो तो उस घटना को लोगों के बीच प्रचारित करें ताकि लोग समझ सकें कि 12 रू0 में भी 02 लाख रू0 का क्लेम वास्तव में मिल रहा है।